हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 2 जनवरी 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 माता टेकरी सहित प्रमुख मंदिरों में दिनभर...



07 नववर्ष पर एसपी ने शहर में पैदल गश्त कर देखी...



### मां बगलामुखी मंदिर पर सुबह से ही लगा रहा भक्तों का मेला

# नववर्ष के प्रथम दिन एक लाख भक्त पहुंचे मां के दरबार में, माथा टेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नववर्ष 2026 परिवार में सुख समृद्धि खुशहाली लेकर आए ऐसी मंगल कामना को लेकर वर्ष के प्रथम दिवस गुरुवार को एक लाख से अधिक भक्त मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहां भक्तों द्वारा माँ के दर्शन पूजन व हवन अनुष्ठान किये। भक्तों द्वारा देवी दर्शन कर अपने नववर्ष की शुरुआत की गई। अंग्रेजी नववर्ष के प्रथम दिन नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पर भक्तों का जनसैलाब उमड़ता दिखाई दिया। सुबह से ही भक्तों की लंबी-लंबी कतारें माता के दर्शन के लिए लगने लगी जो देर शाम तक जारी रही। इस दरमियान अंग्रेजी नववर्ष के प्रथम दिन रिकार्ड तोड़ माता भक्त सिद्धपीठ पर दर्शनार्थ पहुँचे। भक्तों द्वारा मंदिर में दर्शन पूजन किया गया साथ ही कई भक्तों द्वारा मंदिर परिसर तथा समीप स्थित यज्ञशाला में हवन अनुष्ठान भी किया। मंदिर प्रबन्ध समिति द्वारा गुरुवार को प्रातःकाल से ही भक्तों का गर्भगृह में प्रवेश निषेध कर दिया गया था। दर्शनार्थियों को मुख्य हवन कुंड वाले चबूतरे से दर्शन करवाये जा रहे थे। नववर्ष पर दर्शनार्थियों का आलम यह था कि दोपहर के बाद सायंकाल तक कतारें मंदिर मार्ग पर स्थित नाले के समीप निर्मित द्वार से भी आगे तक पहुंच गई थी। दिनभर डोम परिसर में लगे बेरिकेट्स दर्शनार्थियों से भरे रहे। मां बगलामुखी मंदिर पहुंचने के सभी मार्ग भक्तों से खचाखच भरे रहे। माता मंदिर पर पहुँचे भक्तों द्वारा माँ के दरबार में शीश नवा कर नववर्ष 2026 परिवार में सुख शांति समृद्धि व खुशहाली लेकर आए इस तरह की कामना की गई।











#### माता रानी का किया आकर्षक श्रृंगार

नववर्ष के प्रथम दिन गुरुवार को माता रानी का आकर्षक पीताम्बरा श्रृंगार किया गया था। सम्पूर्ण मंदिर परिसर को पुष्पों से आकर्षक रूप में सजाया गया था। मंदिर पर आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई थी।

#### मंत्रोच्चार से गुंजायमान हुआ मंदिर परिसर

नववर्ष के प्रथम दिन एक लाख से अधिक भक्त माता मंदिर पहुँचे थे जहां पर कई भक्तों द्वारा मंदिर आहते में स्थित यज्ञशाला में परिवार की खुशहाली एवं अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए हवन अनुष्ठान भी किये गए। भक्तों द्वारा किए गए हवन के मंत्रों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था।

#### भक्त द्वारा किया गया भंडारे का आयोजन

नववर्ष के प्रथम दिन गुरुवार को मंदिर के समीप स्थित पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा परिसर में शुजालपुर निवासी गौरव परमार परिवार द्वारा लगातार 10वें वर्ष निशुल्क भंडारे का आयोजन किया गया। जहाँ हजारों भक्तों द्वारा भोजन प्रसादी ग्रहण की गई।

#### वाहन पार्किंग रही फुल

प्रशासन द्वारा नववर्ष के प्रथम दिन बड़ी संख्या में चौपहिया वाहनों के आने की संभावना को लेकर मंदिर के आसपास पार्किंग नंबर 01 व 02 के साथ ही तीर्थ यात्री सेवा सदन परिसर को पार्किंग स्थल बनाया गया था। दोपहर 1 बजे बाद सभी पार्किंग स्थल वाहनों से फुल हो गए थे।

#### पुलिस व्यवस्था रही सराहनीय

नवरात्रि के प्रथम दिवस दर्शन व्यवस्था से लेकर यातायात व पार्किंग व्यवस्था तक पुलिस का सराहनीय कार्य रहा। एसडीओपी देवनारायण यादव व थाना प्रभारी नागेश यादव के नेतृत्व में स्थानीय व अन्य स्थान से आये पुलिस बल द्वारा व्यवस्थाओं को बहुत ही अच्छे ढंग से सम्हाला गया। हर स्थान पर पर्याप्त बल होने से दर्शनार्थियों को कम से कम परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान थाना प्रभारी श्री यादव लगातार दोपहिया वाहन से स्थिति का जायजा लेते रहे व आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। इसके साथ ही स्थानीय तहसीलदार एवं पदेन सचिव मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति प्रियंक श्रीवास्तव दिनभर मंदिर पर उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं पर अपनी पैनी नजर रखे हुवे थे साथ साथ अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे।

### सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा

## मनुष्य को नर से नारायण बनाती है श्रीमद भागवत कथाः चतुर्वेदी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

सुखों के लिए भटकने से अच्छा है की श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करो क्योंकि भागवत कथा का श्रवण ही सुख की खान है। भागवत कथा मनुष्य को नर से नारायण और दानव को मानव बनती है। उक्त उद्गार नलखेड़ा में नीम ग्राउंड पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस पर कथा वाचक पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी ने कही।आपने कहा कि ईश्वर की भक्ति ही सर्वोपरि है, भक्ति में ही शक्ति है। ईश्वर की भक्ति कभी निष्फल नहीं होती ईश्वर की भक्ति हमें करते ही रहना चाहिए। और भक्त भी मीरा जैसी होना चाहिए। मीराबाई उच्च घराने की एक सर्व संपन्न परिवार की महिला थी इसके बाद भी उन्होंने ईश्वर भक्ति में मन लगाकर साक्षात प्रभु के दर्शन किए। चतुर्वेदी ने कहा कि भागवत कथा कई जगह पर होती है, तथा कई लोग वहां पर पहुंचकर कथा का श्रवण भी करते हैं। लेकिन भागवत पुरुष वही लोग बन पाते हैं, जो भागवत माता के सार को अपने हृदय में बसा लेते हैं। इसीलिए इंसान को सत्संग के सानिध्य में रहकर, भागवत पुरुष बनने के लिए जतन करते रहना चाहिए। श्रीमद्भागवत ही जीवन का सच्चा सार है।


#### कलश यात्रा व जयकरों के साथ पोथीजी को पंडाल में लाए

नव वर्ष की पावन मेला में भागवत के शुभारंभ अवसर पर बैंड बाजा के साथ भागवत माता को पंडाल में लाने के साथ ही कलश यात्रा भी निकाली गई महिलाएं सिर पर कलश धारण कर चल रही थी। जुलूस चौक बाजार स्थित श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ कथा स्थल पर पहुंचा जहां विधि विधान से भागवत मैया की पूजन कर कथा का शुभारंभ हुआ कथा समाप्ति पर आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। उक्त आयोजन विगत 17 वर्षों से भागवत सेवा समिति नलखेड़ा के माध्यम से किया जा रहा है।

### रक्तदान कर की नववर्ष की शुरुआत

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने जिला अस्पताल में भर्तीमहिला को किया ब्लड डोनेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





नव वर्ष 2026 की शुरुआत नागरिक विभिन्न आयोजन कर या दोस्तों अथवा परिवार के साथ पिकनिक पार्टी मना कर या तीर्थ दर्शन के साथ की गई लेकिन नलखेड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष ने मानव सेवा का पुनीत कार्य करते हुए जरूरतमंद को अपना रक्तदान कर नव वर्ष की शुरुआत की गई। नलखेड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा नव वर्ष के प्रथम दिवस पर एक मरीज को देखने आगर जिला हॉस्पिटल नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी तथा पार्षद गोवर्धन वेदिया के साथ गए । जहां पर नलखेड़ा की एक महिला भर्ती थी। जिसे ब्लड की आवश्यकता होने से उसके परिवारजन अस्पताल से बाहर ब्लड के लिए इधर-उधर घूम रहे थे। तभी अपने नगर के मंडल अध्यक्ष एवं नगर परिषद प्रतिनिधि को देखा तो परिवारजन उनके पास आए तथा बताया कि महिला को ओ पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता है लेकिन अस्पताल वाले उसके बदले में ब्लड की मांग कर रहे हैं। मंडल अध्यक्ष श्री सकलेचा का ब्लड ग्रुप भी ओ पॉजिटिव है ऐसे में उन्होंने तत्काल नववर्ष पर मानव सेवा के इस पुनीत कार्य के लिए स्वयं ब्लड देने का फैसला किया। सकलेचा ने जिला अस्पताल में अपना ब्लड नलखेड़ा की भर्ती मरीज रेखा बाई नारायण भिलाला को डोनेट किया।

### निशुल्क कानूनी सलाह कार्यक्रम

## लोगों को निशुल्क कानूनी सलाह और सहायता प्रदान करने के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

आम जनता को निशुल्क कानूनी सलाह और सहायता प्रदान करने,उनके अधिकारों और कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता करने और कानूनी सहायता के लिए एक मंच प्रदान करने हेतु गुरूवार को पुलिस थाना कोतवाली आगर मालवा में लीगल एंड क्लिनिक निशुल्क कानूनी सलाह एवं सहायता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कोतवाली थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, गोविंद सिंह सरावत, संजय गुनेरा, पैरालीगल वालेन्टियर्स हरिनारायण यादव और जाबिर उद्दीन उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को निशुल्क कानूनी सलाह और सहायता प्रदान करना था। उपस्थित अधिकारियों और वालेन्टियर्स ने लोगों को उनके अधिकारों और कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी।

#### आजाद अध्यापक शिक्षक संघ का कल शिक्षक गुणवत्ता सम्मेलन

सीहोर। प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल के आव्हान पर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा डां अबेडकर जंयती मैदान भोपाल में राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश भर से हजारों अध्यापक शामिल होंगे है। शिक्षक संघ इस सम्मेलन के माध्यम से पुरानी पेंशन, सेवा अवधि की गणना नियुक्ति दिनांक से गेज्युटी क्रमोन्नति वेतनमान के भुगतान ऐरियर राशि, ई - अटेंडेंट्स सहित लंबित मांगों को लेकर अपने अधिकार के लिए मांगो को रखेगी।

## गुर्जर देवसेना जिला अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया

नलखेड़ा। अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर का जन्म दिवस समाज के युवाओं द्वारा मनाया गया। नव वर्ष के प्रथम दिवस पर श्री गुर्जर का जन्म दिवस आने पर गुर्जर समाज के युवाओं द्वारा बडे उत्साह के साथ जन्मदिवस मनातें हुए उनका पुष्पहारो से स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।



## किसानों ने पूजा-पाठ कर 2026 से मांगी सुनहरी फसल की सौगात



**सीहोर।** वर्ष 2025 को विदा करते हुए और 2026 के स्वागत में क्षेत्र के ग्रामीण किसानों और महिलाओं ने एक ऐसा दृश्य रचा, जिसने पूरे अंचल को आस्था, आशा और उत्सव से भर दिया। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में ग्राम उलझावन, रलावती, भोजनगर सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों किसान और महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश, लोटा और पूजा सामग्री लेकर भजन-कीर्तन करते हुए मंदिर से खेतों तक निकलीं। सिर पर कलश, हाथों में आस्था और होठों पर भगवान के नाम के साथ यह यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि किसानों की उम्मीदों का उत्सव बन गई।

खेतों तक पहुंचकर महिलाओं और किसानों ने गेहूं की फसल की विधिवत पूजा की। हनुमान जी, खंडेराव बाबा और श्रीराम से हाथ जोड़कर यह प्रार्थना की गई कि बीते वर्ष की सोयाबीन की बर्बादी का दुख अब समाप्त हो और 2026 किसानों के लिए खुशहाली लेकर आए।

भजन मंडली की महिलाओं कृष्णा बाई, सावित्री बाई, गायत्री बाई, शांताबाई, सीताबाई, प्रेम बाई, सरोज बाई सहित अनेक श्रद्धालु महिलाओं ने ढोलक, पेटी और झांझ के साथ भजन गाकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

#### सरकार के प्रति आभार भविष्य से उम्मीदें

किसान और समाजसेवी एमएस मेवाड़ा सहित किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार जताते हुए कहा कि भावांतर योजना से मिली राहत और खराब सोयाबीन फसल का मुआवजा उनके लिए संजीवनी बना। इसी भावुक वातावरण में किसानों ने मांग रखी कि नए वर्ष में फसल बीमा राशि समय पर मिले, ताकि मेहनत की फसल सुरक्षित रहे। महिलाओं ने लाडली बहना योजना की राशि 3000 रुपये किए जाने की भी उम्मीद जताई और पेंशनधारक महिलाओं को नियमित भुगतान की मांग रखी।

#### गांव-गांव में खुशहाली की कामना

इस अनोखे आयोजन ने केवल नए वर्ष का स्वागत नहीं किया, बल्कि गांवों में एकजुटता और आशा का दीप जला दिया। ढोलक की थाप, शंखनाद और जयकारों के बीच खेतों में खड़े किसान और महिलाएं यह कहते नजर आए और कहा कि धरती माँ अगर मुस्कराई तो पूरा गांव मुस्कराएगा। 2026 को उन्होंने अन्न, आनंद और अमन का वर्ष बनाने की प्रार्थना की।

### मुखबिर की सूचना पर पिपलिया मीरा के खेत में पुलिस की दबिश

## खेत की रखवाली नहीं, नशे की खेप छिपाकर बैठा था आरोपी, 10 किलो गांजा किया गया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा दिए गए नववर्ष को लेकर दिशा निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने ग्राम पिपलिया मीरा में एक खेत पर दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया है। आरोपी खेत की आड़ में गांजे की खेप छुपाकर बैठा था, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर रंगे हाथों दबोच लिया। जब्त किए गए 10 किलो 610 ग्राम गांजे की अनुमानित कीमत 1 लाख 6 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार नववर्ष के मद्देनजर जिले भर में अवैध शराब और मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 30 दिसंबर को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि ग्राम पिपलिया मीरा-बडन्नगर रोड पर चंपालाल के खेत में एक व्यक्ति अवैध गांजे के साथ मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए बताए गए स्थान पर दबिश दी। वहां एक व्यक्ति खेत में एक बोरी लिए बैठा हुआ था। संदिग्ध लगने पर जब पुलिस ने उसकी घेराबंदी कर बोरी की तलाशी ली तो उसमें बड़ी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।





**एक लाख से अधिक की खेप :** पुलिस ने आरोपी के पास से कुल 10 किलो 610 ग्राम अवैध गांजा जप्त किया है। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस नशे की खेती या सप्लाई के पीछे और कौन-कौन से चेहरे शामिल हैं। अंदेशा जताया जा रहा है कि यह खेप नववर्ष पर होने वाले आयोजनों में सप्लाई की जानी थी। नशे के विरुद्ध इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी रविन्द्र यादव, उप निरीक्षक रामबाबू राठौर, प्रधान आरक्षक पंकज यादव, आरक्षक वीरेंद्र सिंह, आरक्षक चेतन चौहान, आरक्षक दीपक जाट, आरक्षक संजय शर्मा और सैनिक कमलेश की सराहनीय भूमिका रही।

#### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4345 रुपए जारी

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मॉडल रेट प्रतिदिन जारी किया जा रहा है। बुधवार 31 दिसंबर को 4345 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### जिला खेल अधिकारी गड़रिया का हिंद फौज सैनिकों ने किया सम्मान



**देवास।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा देवास जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग की अधिकारी का प्रभार संभालने पर सीमा गड़रिया का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर हिन्द फौज द्वारा वर्ष 2025 में खेल, आर्मी, पुलिस, नेवी, एयर फोर्स एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले सैनिकों को सम्मानित किया गया। हिन्द फौज के कमांडर सीएसएम जितेंद्र गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम सैनिकों के मनोबल को बढ़ाने और युवाओं को खेल व राष्ट्रसेवा के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की पम्मी मार्सकुले सहित हिन्द फौज के पदाधिकारी सुरेश शर्मा, कुमेर सिंह वर्मा, दीपिका बोरिवाल, सृजनिका लोखंडे, अजय दायमा, आरती दायमा, ललित द्विवेदी, रवि अग्रवाल, श्रीजा अग्रवाल, विकास गिरी, सीमा गिरी, अश्विन पेंगनिस, चंद्रशेखर तिवारी, मोना तिवारी, ताशिन शेख, पंकज जैसवाल, पुनित गिरी, मनीष पाटीदार एवं विशाल श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्ति पर देशमुख गिरजे का किया सम्मान

**देवास।** नगर निगम देवास से 31 दिसंबर बुधवार को नगर निगम के सामान्य प्रशासन विभाग में पदस्थ अधिकारी अशोक देशमुख एवं स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ अधिकारी अशोक गिरजे सेवानिवृत्त हुए। देशमुख व गिरजे की सेवानिवृत्ति पर अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा संघ द्वारा विदाई समारोह जिलाध्यक्ष अमर धनराज सांगते के नेतृत्व में नगर निगम में स्थित संघ कार्यालय में आयोजित किया गया। दोनो अधिकारियों का सम्मान किया।

### नवबर्ष के पहले दिन आस्था का सैलाब, देवालयों में जिले भर के उमड़े श्रद्धालु

# माता टेकरी सहित प्रमुख मंदिरों में दिनभर लगी रही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें, भक्ति भाव से की 2026 नववर्ष की शुरुआत
















**श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए प्रशासन और पुलिस विभाग रहा अलर्ट, सीसीटीवी कैमरों से की निगरानी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/भौरासा

साल 2026 की शुरुआत देव दर्शन और आस्था के वातावरण के साथ हुई। नए वर्ष के आगमन पर शहरवासियों ने पारंपरिक श्रद्धा के साथ मंदिरों का रुख किया और भगवान से सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। नववर्ष के पहले दिन गुरुवार को शहर धार्मिक रंग में रंगा नजर आया। गुरुवार तड़के से ही शहर के प्रसिद्ध मंदिरों में श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया था। माता टेकरी, बिलावली महाकाल, नागदा गणेश, खेड़ापति मारुति, दत्त मंदिर बांगर, खाटू श्याम मंदिर और सांवलिया सेठ मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। पूरे दिन मंदिर परिसरों में श्रद्धालुओं का सिलसिला बना रहा। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए प्रशासन और पुलिस विभाग अलर्ट मोड पर रहा। मंदिरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था सख्त की गई और भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेड्स लगाए गए। सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी रखी गई ताकि दर्शन व्यवस्था व्यवस्थित और सुरक्षित बनी रहे।

### माता टेकरी पर सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की कतारें

नववर्ष के अवसर पर माता टेकरी पर विशेष उत्साह देखने को मिला। नवरात्रि के दिनों जैसी रौनक टेकरी परिसर में नजर आई। तड़के सुबह से सीढ़ी और रपट मार्ग पर श्रद्धालुओं की कतारें लग गई थीं। देर शाम तक बड़ी संख्या में भक्तों ने मां चामुंडा और मां तुलजा भवानी के दर्शन कर नववर्ष के लिए मंगल कामनाएं कीं।

### भक्ति और मिठास के साथ किया नए वर्ष का स्वागत

**भौरासा।** नववर्ष 2026 के पहले दिन भौरासा क्षेत्र में आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला। 1 जनवरी गुरुवार को सुबह से ही क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों—नेवरी फाटा स्थित बाबा श्री खाटू श्याम मंदिर, श्री बाबा भंवरनाथ महाराज मंदिर, श्री अन्नपूर्णा माता मंदिर, श्री खेड़ापति सरकार हनुमान मंदिर, श्री शक्ति माता मंदिर एवं श्री स्वयंभू भगवान गणेश मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने दर्शन-पूजन कर नए वर्ष के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं नगर के होटलों और मिठाई दुकानों पर भी लोगों की भीड़ नजर आई। लोगों का कहना है कि नए साल की शुरुआत भक्ति और मिठास के साथ करना शुभ माना जाता है।

### सहायक उप निरीक्षक जसवीर के सेवानिवृत होने पर नगर सुरक्षा समिति ने किया सम्मान

**देवास।** पुलिस विभाग में सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ जसवीर सिंह अरोरा के सेवानिवृत होने पर नगर सुरक्षा समिति ने एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदोरिया के आतिथ्य में शाल,श्रीफल पुष्मालाओं से सम्मान कर बिदाई दी गई। नगर सुरक्षा समिति के अनिल सिंह बैस ने कहा कि अरोरा ने पुलिस विभाग में सत्य निष्ठा ओर ईमानदारी से कार्य करते हुए पुलिस एवं आम लोगों के बीच तालमेल बिठाकर अपराधों पर नियंत्रण करने में अनुकरणीय योगदान दिया। अरोरा खातेगांव, कन्नौद, सिटी कोतवाली, औधोगिक थाना सहित जिले भर के कई थानों में पदस्थ रहे। इस अवसर अनिल सिंह बेस ,विनोद सिंह गौड़, विजय सिंह तंवर, सुनील सिंह ठाकुर, सुभाष वर्मा, सुरेश रायकवार लाखन सिंह देवड़ा, लखन कौशल, तकिउद्दीन काजी, अनूप दुबे राजेश सोनी, सतनारायण यादव आदि उपस्थित थे।



## भौरासा प्रेस क्लब अध्यक्ष शुक्ला व पत्रकार नागर का साफा बांधकर किया स्वागत और सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर में हुए मुस्लिम समाज के 22 वे उर्स की खबरों का कवरेज करने पर एवं उर्स की जानकारियों को अखबार के माध्यम से दूर-दूर तक पहुंचाने के लिए चिश्तिया ग्रुप द्वारा गुरुवार को आजाद चौक मे भौरासा प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुकला व पत्रकार अभय देव नागर का स्वागत किया गया। इस अवसर पर चिश्तिया ग्रुप के सदर रेहान मदनी, नायब सदर अकील बेलिम ,सोहेल पठान, ईदु साह ,समीर साह ,सादिक साह ,रईस खान, सोनू दाऊद ,गुद्दु भाई ,हम्ज़ा चिस्ती, गब्बर बेलिम ,अरसान, बिट्टू भानेज, जलाल चिस्ती, अजहर चिस्ती,अकरम चिस्ती, असलम मिर्जा, कामिल चिस्ती, मोहसिन खान, सलमान चिस्ती, सद्दाम चिस्ती, इसरार चिस्ती, इसरार चिस्ती, वाज़ेद चिस्ती,रिजवान चिस्ती, सय्यद साजिद अली दुर्ग, खालिद कुरैसी दुर्ग, हाजी इक़बाल बेग, साजिद चिस्ती,के द्वारा प्रेस क्लब अध्यक्ष का व सदस्यो का स्वागत किया।

## जल जीवन मिशन अंतर्गत ठेकेदारों को 15 दिन में कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश, नहीं तो होंगे ब्लैकलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कार्यपालन यंत्री पीएचई विभाग देवास ने बताया कि देवास जिले के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में जल जीवन मिशन के कार्यों के ठेकेदारों द्वारा समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने पर अनुबंध एवं निविदा के अंतर्गत 89 योजनाओं के 28 ठेकेदारों को कार्य 15 दिवस में पूर्ण करने के लिए अंतिम सूचना पत्र दिए गए है एवं निर्देशित किया गया कि 15 दिवस में कार्य पूर्ण करें अन्यथा ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट में डालने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा दिए निर्देशों पर समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने वाले 15 ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड एवं 06 ठेकेदारों के अनुबंध टर्मिनेट किए थे। कार्यपालन यंत्री अमित सिंह पीएचई विभाग देवास ने बताया कि समय पर कार्य नहीं करने पर मैसर्स नानक इन्फ्रा स्ट्रक्चर गुजरात हाऊसिंग बोर्ड मोरबी, श्री गणेश टेलिकॉम प्राईवेट लिमिटेड इन्दौर, मैसर्स चौधरी इंटरप्राईजेस राजोदा देवास, मैसर्स हर्षा इन्फ्रा पॉवर प्राईवेट लिमिटेड टीकमगढ़, मैसर्स एसएस इन्फ्रा स्टेट इंडिया प्राईवेट लिमिटेड इन्दौर, मैसर्स बालाजी कंट्रक्शन हंडिया जिला हरदा को टर्मिनेट किया गया है।

### इन्हें किया ब्लैकलिस्ट

इसी प्रकार मैसर्स नानक इन्फ्रा स्ट्रक्चर मोरबी गुजरात, मैसर्स श्री मनोज कुमार सिंह मोकमपुर बिहार, मैसर्स चौधरी एंटरप्राइजेज राजोदा देवास, मैसर्स ए. व्ही. कंस्ट्रक्शन जोरा मुरैना, मैसर्स श्री राम इंफ्रा एंड कंस्ट्रक्शन इंदौर, मैसर्स सुश्री मुकेश सिंह परमार मुरैना, श्री गणेश टेलिकॉम प्राईवेट लिमिटेड नंदानगर इंदौर, मैसर्स उत्सव इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड जूनागढ़ गुजरात, मैसर्स हर्षा इन्फ्रा पॉवर प्राईवेट लिमिटेड टीकमगढ़, मैसर्स आयुष किराना स्टार प्रो. मुकेश जाट सतवास, मैसर्स बालाजी डवलपर्स प्रा. आनंद गोरा ग्राम बछखाल खातेगांव, मैसर्स एसएस इन्फ्रा स्टेट इंडिया प्राईवेट लिमिटेड इंदौर, मैसर्स बालाजी कंस्ट्रक्शन हंडिया जिला हरदा, मैसर्स श्री इंटर प्राइजेस रतलाम, मैसर्स मनोरमा कंस्ट्रक्शन कंपनी हरदा को ब्लैकलिस्ट किया गया।

### नागरिकों को स्वच्छ जल प्रदाय करने महापौर ने कार्यपालन यंत्री को दिए सख्त निर्देश

# जल वितरण वाली टंकियां तीन दिन में हों साफः अग्रवाल





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने शहर में शुद्ध पीने के पानी को लेकर निगम के जल प्रदाय विभाग के अधिकारी एवं जल वितरण में लगे सभी कर्मचारी और सुपरवाइजरों के साथ आहूत बैठक में विस्तृत चर्चा की। महापौर ने शहर में जल वितरण पर पूरी तरह से जानकारी लेते हुए प्रत्येक वार्ड से सुपरवाइजर के द्वारा किसी भी प्रकार का गंदे पानी की शिकायत या वितरण में कोई समस्या है उस पर जानकारी लेते हुए दिशा निर्देश दिए। महापौर ने शहर में जल वितरण में लगे सभी सुपरवाइजरों से पृथक पृथक से वार्डों की जानकारी ली जिसमें कुछ वार्डों में कुछ स्थानों पर गंदे पानी की शिकायतें प्राप्त हो रही है या हुई है, उस पर किए जा रहे हैं कार्यों की भी समीक्षा की। शहर में किए जा रहे जल वितरण का समय भी पूछा कि समय पर जल वितरण हो रहा है या नहीं, कुछ वार्डों में गंदे पानी की शिकायत प्राप्त होने पर उस समस्या का निराकरण हुआ या नहीं। शुद्ध जल वितरण समय पर किए जाने कर्मचारी एवं अधिकारियों को महापौर ने बधाई भी दी। कुछ वार्डों में पानी का प्रेशर सही नहीं होने से पानी के प्रेशर को सुधारे जाने हेतु कहा गया। महापौर ने तीन दिवस में शहर की सभी जल वितरण वाली पानी की टंकियों को साफ करने हेतु कार्यपालन यंत्री एवं आई.एच.पी. कंपनी को निर्देश देते हुए दी गई समय अवधि में, सभी टंकियां साफ हो जाने की जानकारी से अवगत कराने हेतु कार्यपालन यंत्री को कहा। सभी सुपरवाइजर को अपने-अपने वार्ड क्षेत्र में खुले प्लाटों में ओपन कनेक्शन या सड़क किनारे पर ओपन नल कनेक्शन हो तो उसे बंद करने के निर्देश भी दिए। अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने की कार्रवाई के लिए महापौर ने 15 दिवस निर्धारित किया है। 15 दिवस में अधिक से अधिक अवैध कनेक्शनों को वैध करने तथा उसकी प्रगति रिपोर्ट समक्ष में प्रस्तुत करने हेतु सभी वार्ड उपयंत्री एवं सुपरवाइजरों को कहा। जिन घरों के सामने नल कनेक्शन के अगर गड्ढे हैं तो वहां लाइन सुधार कार्य कर गड्ढे भरवाने को कहा, ताकि उसमें एकत्रित पानी से लाइनों में गंदा पानी नहीं जाए। साथ ही वार्डों में डाली जा रही अमृत 2.0 .की लाइन पर भी चर्चा करते हुए उसमें हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को शीघ्र कार्य कराने हेतु दिशा निर्देश दिए। अमृत 2.0 अंतर्गत डाली जा रही लाइन में लेबलिंग तथा नागरिकों को दिए जा रहे हैं नल कनेक्शन पर भी आक्रोश व्यक्त किया। कंपनी द्वारा नागरिकों को दिए जा रहे नल कनेक्शन में अतिरिक्त राशि लिए जाने की शिकायत महापौर को प्राप्त हुई। उस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए महापौर ने सख्त लहजे में व्यवस्था सुधार के लिए अधिकारियों को तथा कंपनी के टीम लीडर को निर्देश दिए। आगामी दिनों में इस प्रकार की कोई समस्या प्राप्त होती है तो कंपनी पर कार्रवाई किए जाने निर्देश कार्यपालन यंत्री इंदु प्रभा भारती को दिए ।अमृत 2.0 के अंतर्गत वार्ड में डाली जा रही लाइनों में री रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्ता से हो। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई की जाने के निर्देश कार्यपालन यंत्री को दिए। अमृत 2,0 के अंतर्गत बान्कों की टीम निगम के शर्तों के अनुकूल कार्य समय पर नहीं कर रही है और उनके प्लंबरों द्वारा किए जा रहे नल कनेक्शन में अतिरिक्त राशि लिए जाने की प्राप्त शिकायत पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निराकरण किया जाने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान महापौर गीता अग्रवाल के साथ विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी, दिनेश चौहान के साथ क्षिप्रा स्थित ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शुद्धिकरण को लेकर पानी में डाली जा रही ब्लीचिंग, एलम, की मात्रा की भी जानकारी ली, तथा महापौर ने लेब में पानी की जांच हर दो घण्टे में करने के पश्चात ही पानी सप्लाय किया जाने हेतु कहा। पीने का पानी शुद्ध एवं साफ सुथरा मिले इस हेतु कार्यपालन यंत्री इंदु प्को निरंतर मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए।

## राज्यपाल से कलाव्योम फाउंडेशन के प्रतिनिधियों की शिष्टाचार मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलाव्योम फाउंडेशन की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों के संदर्भ में कलाव्योम के अध्यक्ष अशोक श्रीमाल और मोहित सिंह ने मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल से शिष्टाचार भेंट की।

मुलाकात के दौरान कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा मालवा क्षेत्र में शिक्षा, कला, संस्कृति, पर्यावरण तथा सामाजिक चेतना के क्षेत्र में संचालित विविध कार्यक्रमों, उपलब्धियों एवं भावी पहलों की विस्तृत जानकारी राज्यपाल को प्रदान की।

विशेष रूप से युवाओं एवं विद्यार्थियों के समग्र, मूल्यपरक तथा रचनात्मक विकास को केंद्र में रखकर संचालित 'ज्ञानव्योम' पहल पर सार्थक चर्चा हुई, जिसे राज्यपाल पटेल ने एक अभिनव, दूरदर्शी एवं प्रभावी शैक्षणिक मॉडल के रूप में सराहा। इस अवसर पर मालवा क्षेत्र में कला एवं संस्कृति के संवर्धन हेतु शासन के सकारात्मक सहयोग, सहभागिता तथा नवाचारी पहलों की व्यापक संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# नववर्ष पर एसपी ने शहर में पैदल गश्त कर देखी सुरक्षा व्यवस्था



## होटल, ढाबा, रेस्टोंरेट आदि प्रमुख स्थानों पर चेकिंग की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नववर्ष की पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शहर क्षेत्र में पुलिस बल के साथ भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर होटल, ढाबा, रेस्टोंरेट आदि प्रमुख स्थानों पर चेकिंग की गयी। उन्होंने रेलवे स्टेशन ललितपुर व भीड़ भाड़ वाले आदि स्थानों पर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्ति, वस्तुओं, वाहनों की चेकिंग की।

पैदल गश्त के दौरान आमजनमानस, व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें नववर्ष को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संदेश दिया गया। रेलवे स्टेशन, ललितपुर पर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्ति/वस्तुओं की चेकिंग की गयी तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस फोर्स को संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, सीओ सिटी अजय कुमार के अलावा शहर कोतवाल अनुराग अवस्थी के अलावा अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

## खबर संक्षेप

### गाली-गलौज, मारपीट कर धमकाने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम गौना निवासी अखिलेश पत्नी मंगल सिंह कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि 30 दिसम्बर की शाम 7 बजे गांव के सोबरन पुत्र तुलई, मोनू पुत्र मोती, हरीकिशन पुत्र ग्याप्रसाद, बृजभान पुत्र रतिराम कुशवाहा उसके घर आये और गाली-गलौज करने लगे और गालियां देने से मना करने पर मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी और पूरी रात गालियां देते रहे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पठापुरा में पड़ोसियों ने एकराय होकर दंपती को पीटा

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला पठापुरा में रहने वाली जसोदा पत्नी भागचंद्र ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 28 दिसम्बर को वह अपने पति के साथ घर पर थी। तभी मोहल्ले में रहने वाले अभिषेक पुत्र तुलसी, अम्मू व आशीष पुत्रगण शोभा, गिन्द्र पुत्र तुलसी ने घर के सामने आकर पति को गालियां दीं। विरोध करने पर पति के साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे भी लात मारी और पति को घायल को घायल कर दिया। परिजनों के आने पर उक्त लोग भाग गये। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### जमीनी विवाद को लेकर धमकाने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम तेरई फाटक निवासी कोमल पुत्र खेतसिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी जमीन पुलिस चौकी के सामने हाई-वे पर स्थित है। उक्त जमीन को खरीदने के लिए झांसी निवासी अंसू छाबड़ा पुत्र रामजीत छाबड़ा से हुयी थी। जिसका विवाद को लेकर बलवीर यादव व कुछ लोग उसके घर आये और जमीनी मामले में राजीनामा करने की धमकी देते हुये अन्यथा की स्थिति में झूठा फंसाने और साथ में रहने वाले राजकुमार के हाथ-पांव तुड़वाने की धमकी दी गयी। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग दबंग किस्म के हैं और उसे जानमाल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दीवार तोड़ी, दुर्घटनाओं से अब मिला छुटकारा

**गुलाबगंज।** गुलाबगंज अंडरब्रिज की दीवार तोड़ने रेल विभाग को ज्ञापन दिया गया था। पिछले 30 दिन में यहां 5 दुर्घटनाएं हुई , क्योंकि 90 डिग्री मोड़ पर वाहन दीवार से टकरा रहे थे। रेल विभाग ने शीघ्र कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर दीवार तोड़वा दी। इससे दुर्घटनाओं में भारी कमी आई है। धार्मिक नगरी गुलाबगंज के लोगों ने रेल विभाग की तत्परता और बेहतर कार्रवाई के लिए आभार जताया है।

### गरीब परिवारों ने की पट्टे की मांग, सौंपा आवेदन

**विदिशा।** वार्ड क्रमांक 39 के टीलाखेड़ी क्षेत्र में किराए के मकानों में रह रहे गरीब मजदूर परिवारों ने आवासीय पट्टे की मांग को लेकर कलेक्टर को आवेदन सौंपा। परिवारों ने बताया कि वे वर्षों से किराए के कमरों में रहकर जीवनयापन कर रहे हैं, लेकिन आर्थिक कमजोरी के कारण मकान या प्लॉट खरीदना उनके लिए संभव नहीं है। उन्होंने टीलाखेड़ी की शासकीय भूमि पर आवासीय पट्टा स्वीकृत करने की मांग की, ताकि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेकर स्थायी आवास का निर्माण कर सकें। परिवारों ने प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

### हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक में की गई चर्चा

**कागपुर।** हिंदू सम्मेलन को लेकर हिनोतिया मंडल की बैठक कागपुर में हुई। जिसमे मंडल के विभिन्न गांवों से उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों द्वारा तय किया गया कि 11 जनवरी को ग्राम कागपुर में समस्त हिन्दू समाज के सहयोग से हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसका भूमिपूजन 3 जनवरी को दोपहर 2 बजे होगा।

## भगवान बाहुबलि का महामस्तिकाभिषेक नया मंदिर में संपन्न

# पुण्यार्जक परिवारों द्वारा पाठशाला के लिए मंगलकलश स्थापित किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नए वर्ष पर जैन धर्मालुओं ने पार्श्वनाथ नयामंदिर में प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ, मरत बाहुबलि भगवान का महामस्तिकाभिषेक श्रद्धा और भक्ति के साथ किया।

पूर्व संध्या में श्री भक्ताम्मर पाठ मध्यरात्रि तक हुआ जिसके समापन पर महाआरती कर भक्तों ने नए वर्ष को धर्ममय माहौल में मनाया। पुण्यार्जक परिवारों द्वारा पाठशाला के लिए मंगलकलश स्थापित किए गए। प्रातःकाल त्रिमूर्ति वेदिका पर तीर्थंकर आदिनाथ भरत बाहुबलि भगवान का श्रद्धालुओं ने प्रभु का अभिषेक सौधर्म इन्द्र सुरेन्द्र कुमार सुशोभित सराफ, अंकित जैन मेडिकल, देवेन्द्र जैन अंकित जैन रजपुरा, अक्षय कुमार अजय अलया परिवार तथा मूलनायक पार्श्वनाथ का अभिषेक सौनल पर्व जैन, रवीन्द्रकुमार गौरव टडैया मनोज जैन मयंक जैन द्वारा किया। शान्तिधारा का पुण्यार्जन मनोज जैन अविरल जैन पंसारी, धमेन्द्र कुमार संजीव जैन, नवीन कुमार आशीष टडया सुरेन्द्र जैन मणि जैन परिवार द्वारा किया गया। मूलनायक वेदिका पर ध्वजारोहण मनोज कुमार विनय जैन जडीबूटी परिवार एवं अरविन्द्र कुमार अमित चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक जिनेन्द्र जैन रजपुरा एवं प्रदीप जैन संगीतकार ने संयुक्त रूप से करते हुए नए मंदिर में मुनिपुंगव सुधासागर महाराज के आशीर्वाद से विराजमान भगवान वाहुवलि अतिशय कारी प्रतिमा की महिमा बताई। रात्रिकालीन पाठशालाओं के मंगल कलश का पुण्यार्जन अशोक जैन सिमरैया, चंदादेवी विकास जैन खजुरिया, देवेन्द्रकुमार पारस सराफ परिवार ने किया। नए मंदिर की वेदिकाओं के महायज्ञनायक यज्ञनायक का चयन किया गया जिन्हें जैन पंचायत के अध्यक्ष डा० अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन,संयोजक सनत जैन खजुरिया, मंदिर प्रबंधक जिनेन्द्र जैन रजपुरा, मनीष जैन द्वारा प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मानित किया। नएवर्ष पर नगर के अभिनंदनोदय तीर्थ क्षेत्रपाल मंदिर जैन अटामंदिर, पार्श्वनाथ समोवशरण जैन मंदिर नईवस्ती, शान्तिनाथ मंदिर गांधीनगर, पार्श्वनाथ जैन मंदिर कालौनी, इलाइट जैन मंदिर, आदिनाथ मंदिर सिविल लाइन, चन्द्रप्रभु जैन मंदिर डोढाघाट, जैन मंदिर वाहुवलिनगर, मुनिसुव्रतनाथ जैन मंदिर ज्ञानोदय में आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पुर्याजन किया और नए वर्ष पर भक्ति की धूम रही।

नगर के निकटवर्ती सतोदय तीर्थ सेरोन में नए वर्ष की पूर्व संध्या पर भक्ताम्मर पाठ का आयोजन हुआ इसके उपरान्त नूतन वर्ष की भोर वेला में मूलनायक वेदिका पर ध्वजारोहण अनिल कुमार अरूण कुमार अजय जैन आनंद जैन साइकिल परिवार द्वारा किया गया।

प्रभु अभिषेक शान्तिधारा का पुर्याजन जितेन्द्र जैन बछ रावनी, जयकुमार जैन महोली, दिलीप सराफ, आनद जैन विजय जैन सतीश जैन वंटी, अशोक जैन मोहनी परिवार को मिला। पुर्थ्यांजक परिवारों ने चौबीसी में विराजमान प्रतिमाओं का अभिषेक कर नए वर्ष को मनाया। व्यवस्थाओं का संयोजन अध्यक्ष सतीश जैन बजाज, महामंत्री मनोज जैन बबीना, विजय जैन लागौन द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त तीर्थोदय तीर्थ गोलकोट,देवोदय तीर्थ देवगढ़, शान्तोदय तीर्थ जहाजपुर एवं अतिशय क्षेत्र बालावेहट में भी श्रद्धालुओं ने नए वर्ष पर पूजनअभिषेक कर धर्मलाभ लिया।

## नगर कीर्तन निकाली गई

# प्रकाश पर्व पर शोभायात्रा निकाली जलपान से स्वागत किया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सिख धर्म के 10वें गुरु गोबिंद सिंह महाराज के पावन, प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित नगर कीर्तन शोभायात्रा श्रीगुरुसिंह एचबी सभा द्वारा निकाली गई, जिसका पंचरत्न विश्वकर्मा समाज द्वारा फूलमाला, फल और जलपान से सभी का स्वागत किया गया। स्वागतकर्ताओं में पंचरत्न विश्वकर्मा समाज के जिलाध्यक्ष विजय ड्योढिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप ताम्रकार, कोषाध्यक्ष मनोज झा, ब्लॉक अध्यक्ष रामनरेश झा, आवेश झा तालबेहट, उपाध्यक्ष कमल विश्वकर्मा, महामंत्री जगदीश झा, उपाध्यक्ष संतोष सोनी, संरक्षक मंडल से रूपनारायण विश्वकर्मा एड., प्रीतम बाबूजी, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी, एड.सत्येंद्र विश्वकर्मा, विनय ताम्रकार, देवेंद्र विश्वकर्मा, रवि त्रिमूर्ति, अनुज सोनी, सोहनलाल विश्व, संगठन मंत्री राजेश झा, एड.आकाश झा, गगन जैन, हरचरण प्रजापति बाबा, सतीश झा आदि समाजबंधु उपस्थित रहे।

## गिरवी गहने वापस न करने का आरोप

# ज्वेलर्स संचालक व उसकी पत्नी पुत्री पर की गई एफआईआर दर्ज

### पीड़ित ने दो बार किया जान देने का प्रयास, अब पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पांच लाख रुपये कीमत का सोना गिरवी रखकर नीयत खराब होने और उधार लिये गये रुपये ब्याज सहित वापस लौटाने के बावजूद भी सोने के आभूषण वापस न देने का आरोप लगाते हुये युवक ने सराफा व्यापारी, उसकी पत्नी व पुत्री पर एफआईआर दर्ज करायी है। मोहल्ला नझाई बाजार में रहने वाले संस्कार तिवारी पुत्र दीपक कुमार तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कटरा बाजार स्थित पोस्ट ऑफिस के पास महादेव ज्वैलर्स बुढ़वार वालों के नाम से अनिल सोनी पुत्र महादेव प्रसाद, रानी सोनी पत्नी अनिल व मान्या सोनी पुत्री अनिल दुकान खोले हुये हैं।

पीड़िता ने बताया कि उसने सोने से बने आभूषण में हार, मंगलसूत्र व कान की बाली जिनकी कीमत करीब 5 लाख रुपये थी को अनिल सोनी की दुकान पर 1.30 लाख रुपये में 11 अगस्त 2024 को गिरवी रखा था। पीड़ित के अनुसार उसने अनिल सोनी को 1.30 लाख रुपये सम्पूर्ण ब्याज चुकाने के बाद अपने सोने के आभूषण मांगे तो अनिल सोनी ने कई दिनों तक उसे गुमराह किया। जब उसने गंभीरता से अपने सोने की मांग की तो मान्या सोनी व रानी सोनी ने एसिड (तेजाब) फेंकने और फर्जी मुकद्दमें में फंसाने की धमकी देते हुये अज्ञात लोगों से एस.सी.एस.टी. और पॉक्सो एक्ट लगवाते हुये जिन्दगी बर्बाद करने की धमकी दी, जिससे वह मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित हुआ। पीड़ित ने बताया कि आभूषण नहीं मिलने से क्षुब्ध होकर उसने 11 अगस्त 2025 को रात करीब 8 बजे जहरीली दवा खा ली, जिससे उसकी हालत बिगडने पर परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। पिता ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। 12 अक्टूबर को उसे अस्पताल से छुट्टी मिली। जिसके बाद वह घर पहुंचा तो सुबह करीब 10.30 बजे रानी सोनी का फोन आया और उसने परिजनों सहित उसकी जिन्दगी बर्बाद करने की धमकी दी। इससे वह घबड़ा गया और उसने अपने बांये हाथ की नसों को काट लिया, जिससे अधिक खून बहने के कारण वह बेहोश हो गया और किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे देखकर पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस ने वहां आकर उसे अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उपचार के दौरान उसे 32 टांके आये, जिससे वह मरते-मरते बचा। जिसके बाद उसने लेन-देन के सारे सबूत व जानकारी 17 अक्टूबर को पुलिस के समक्ष रखे, जिस पर 26 अक्टूबर को पुलिस ने आश्वासन दिया कि वह मामले को गंभीरता से लेकर उसके आभूषण अनिल से वापस दिलायेंगे। 26 अक्टूबर के बाद से अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। पिता द्वारा कई बार प्रयास करने पर भी कार्यवाही नहीं की गयी। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग काफी प्रभावशाली व्यक्ति हैं, जिससे उसे परिवार सहित जानमाल का खतरा बना हुआ है। कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अहिरवार महापंचयात तालबेहट इकाई गठित, हरीराम बने ब्लॉक अध्यक्ष

# समाज को राजनीतिक सक्षम बनाना संकल्पः अहिरवार



**तालबेहट।** अहिरवार महापंचयात के जिला सम्मेलन में जिलाध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार की उपस्थिति में तालबेहट ब्लॉक समिति की बैठक स्थानीय अम्बेडकर पार्क में आयोजित की गई, जिसमें स्थानीय ब्लॉक इकाई का विस्तार किया गया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार ने कहा कि समाज में फैली कुरितियों को खत्म करने और राजनीतिक रूप से बनाने के संकल्प के साथ महापंचायत की ब्लॉक और न्याय पंचायत स्तर पर कमेटियों का गठन किया जा रहा है। ये कमेटियां समाज को संगठित और अनुशासित रखने का जिम्मा उठायेंगी। किसी भी प्रकार के विवादों के निस्तारण के लिए समाज के लोग इन्हीं कमेटियों के समक्ष जाकर आपसी सुलह से विवादों से का निपटान करेंगे और कोशिश रहेगी कि छोटे छोटे विवादों के लिए पुलिस/न्यायालय ना जाना पड़े। आगे चलकर शराबबंदी पर भी बढ़ा अभियान शुरू किया जायेगा और नौजवान पीढ़ी को नशे की ओर जाने से रोका जायेगा। बैठक के अंत में सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार, जिला संगठन मंत्री कमलेश चौधरी, हरीसिंह, रामकिशन बाबूजी, ओमप्रकाश अहिरवार, मातादीन, रविन्द्र कुमार, आजाद सिंह, राहुल अहिरवार, राजेश अहिरवार, मुन्नु नेता, आशाराम, जालिम, देशराज, मोतीराम, कमलेश, जाहर, कोमल, खुशीलाल, राकेश मास्टर, रामचरन, बिरजेन्द्र, रख्खू, अनूप अहिरवार, अर्जुन फौजी, इमरत, कोमल, गोपाल, गोटेलाल, छंदी, छुट्टन, नरेश, जसरत, प्रकाश, प्रभू, बाबूलाल, बैजू, शंकर, मौजूद रहे।

# कड़ाके की ठंड की वजह से 15 तक बंद रहेंगे आंगनबाड़ी केंद्र

**ललितपुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अवगत कराया है कि उ.प्र.बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालयों/मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालयों में 15 जनवरी 2026 तक शीलकालीन अवकाश निर्धारित है। जनपद के अधिकांश आंगनबाड़ी केन्द्र प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों के परिसर में संचालित हैं तथा आंगनबाड़ी केन्द्र पर आने वाले बच्चे 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के हैं।

आंगनबाड़ी संघ द्वारा दिये गये ज्ञापनों एवं तत्क्रम में जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशके अनुपालन में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले 3 से 6 वर्ष आयु के बच्चों को शीतलहर व कड़ाके की ठण्ड से बचाव हेतु जनपद के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 15 जनवरी 2026 तक अवकाश घोषित किया जाता है। इस अवधि में 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों की उपस्थिति आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नहीं होगी, परन्तु समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने केन्द्रों पर उपस्थित रहते हुए पोषण ट्रेकर एप पर नियमित रूप से कार्य करेंगी तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं के द्वारा लाभार्थियों का पोषण ट्रेकर एप पर रजिस्ट्रेशन, ड्राई राशन वितरण, वजन तथा गृह भ्रमण सहित समुदाय आधारित गतिविधियों एवं अन्य शासकीय कार्यो का निष्पादन पूर्व की भांति किया जायेगा।यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगा।

# दस्टोन समारोह में गाने के लिए गए युवक पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरौदाडांग निवासी उमेश प्रजापति पुत्र देशराज ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह गांव में गाने का काम करता है। आरोप है कि 22 दिसम्बर 2025 को अपराह्न 1 बजे उसके मोबाइल पर फोन आया और शाम करीब 8 बजे दस्टोन कार्यक्रम के लिए उसे बुलाया, जिसका 1500 रुपये तय हुआ।

जब वह बार पहुंचा तो उन्होंने चन्दन वन के पास आने को कहा, जब वह चन्दन वन पुलिया के पास पहुंचा तो अपने साथी आशीष झां पुत्र प्रकाश झां के साथ पहुंचा तो वहां मौजूद मोबाइल नम्बर धारक व 2-3 अज्ञात व्यक्ति मिले, जिन्होंने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोगों ने उसकी मोटर साइकिल व मोबाइल फोन, तबला तोडक़र फेंक दिया, उसने पास में काम कर रहे किसान को सूचना दी, जो कि आये और उन्होंने डायल 112 को फोन पर सूचना दी। वह घायल होने के बाद बालाबेहट के प्राईवेट अस्पताल में उपचार कराता रहा। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# अतिरिक्त दहेज की मांग कर मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गांधीनगर निवासी सरिता श्रीवास ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी चन्द्रभान से हुयी थी, जिसके बाद उसे पांच वर्ष की पुत्री है और वह अपने पति से अलग सास रामदेवी पत्नी सुखलाल के सूरीकलां पोस्ट उदयपुरा में रहती है। बताया कि 30 दिसम्बर 2025 को दिन में उसकी सास उसके पास आयी और उसके पति को देवरानी, देवर भूपेन्द्र के कहने पर उल्टा-सीधा सिखाकर चली गयी। उसके बाद 31 दिसम्बर को सुबह 10 बजे पति चन्द्रभान ने उसे गालियां दीं और मना करने पर लात-घूसों व बिजली तार से मारपीट कर दी, जिससे वह चोटिल हो गयी। पति ने उससे पिता के यहां से खर्च को रुपये लाने की बात कही और अतिरिक्त दहेज की मांग की गयी। पति के बाहर काम के लिए जाने पर देवर-देवरानी झगड़ा करती हैं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की नींव रखी थी

# धूमधाम से मनाई बाबू बालेश्वर लाल की जन्म जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की 95 वीं जन्म जयंती जनपद की तहसीलों में धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर पत्रकारों ने जय घोष बुलंद किए। जिलाध्यक्ष सम्राट राजा ने बताया कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की नींव बाबू बालेश्वर लाल श्रीवास्तव ने 1980 में रखी थी और 1986 में इसका विधिवत पंजीयन प्रदेश की राजधानी लखनऊ में करवाकर पूरे प्रदेश में इसे विस्तारित किया। ग्रापए उत्तर प्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त प्रदेश का सबसे बड़ा और मजबूत संगठन हैं जो पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए मजबूती से संघर्षरत है। इस दौरान तुलसीराम अहिरवार, रविन्द्र पायक, भरत किंकर, अटल टोंटे, पुनीत सिंह परिहार, राजेन्द्र गोस्वामी, महेन्द्र बुंदेला, अमित गुप्ता, शिवम रजक, जीतू राजा, विपिन रेजा, ब्रजेश साहू, नवीन, नीरज सिंद्वह जितेंद्र सिसौदिया, रामसहाय राजपूत, शेर सिंह, जितेन्द्र सेवरिया, रक्षपाल सिंह, सतीश झा, देवीदास कुशवाहा, बब्बू राजपूत, रामकृष्ण गुप्ता, बिहारी लाल, विजय सेंगर, प्रकाश राय, अभय प्रताप सिंह, जितेंद्र पाल, माखन कुशवाहा, विक्रांत तोमर, जाकिर खान, वीरेंद्र सिंह गौर, माखन कुशवाहा, रामगोपाल पाल, कृष्णकांत मिश्रा, रानू जैन, भूरे सोनी, सोनू सोनी, सोहिब खान, सुरेंद्र रजक करमरा, दीपेश राय, राजवीर जाट, हर्ष चौबे, शिवम तिवारी, केके दुबे, रमन सरदार, कमलेश अहिरवार आदि पत्रकार स्थानीय क्षेत्रों में कार्यक्रमों के दौरान मौजूद रहे।




# बीएलओ ने लगाया धमकाने मारपीट करने का आरोप

**पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी**

**ललितपुर।** थाना जखौरा के ग्राम रायपुर निवासी चैनूराम पुत्र अनन्दीलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बीएलओ है और शाम करीब 6 बजे कार्य करके घर लौट रहा था। प्राथमिक विद्यालय रायपुर के पास गांव के अभिषेक पुत्र लखनलाल, लखनलाल पुत्र गज्जूराम ने उसे गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट करते हुये सिर पर डंडा मार दिया, जिससे वह घायल हो गया। शोरगुल सुनकर अशोक उर्फ चिप्पू पुत्र विन्द्रावन मौके पर आ गया, जिसे देखकर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। पुलिस आरोपी को तलाश कर रही।

### सारंगपुर पुलिस ने आरोपी शहजाद कुरैशी को आगर मालवा से गिरफ्तार किया

# विवाहिता से डेढ़ साल तक किया दुष्कर्म वीडियो बनाकर करता रहा ब्लैकमेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

कुरावर क्षेत्र की 27 वर्षीय विवाहिता के साथ झांसा देकर दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर डेढ़ वर्ष तक ब्लैकमेल करने के सनसनीखेज मामले में सारंगपुर पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान शहजाद कुरैशी (55 वर्ष) निवासी खतोली, जिला बुलन्द शहर के रूप में हुई है। उसे आगर मालवा से गिरफ्तार कर सारंगपुर लाया गया है।

थानाप्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बताया कि पीड़िता कुरावर की रहने वाली है और तीन बच्चों की मां है। आरोपी पीड़िता के घर के पास रहकर इंडक्शन और कंबल आदि बेचने का काम करता था। उसने अपना नाम छिपाकर स्वयं को हिंदू नाम से परिचित कराया। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने उसके और उसके पति के बीच चल रहे विवाद का फायदा उठाते हुए उसे भरोसे में लिया।



#### नशीला पदार्थ पिलाकर बनाया अश्लील वीडियो

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसे नशीला पदार्थ पिलाकर मदहोशी की हालत में सारंगपुर ले गया, जहां उसके अश्लील वीडियो बना लिए। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे घर से अलग ब्यावरा में किराए के मकान में रहने को मजबूर किया। आरोपी स्वयं भी सारंगपुर में किराए के मकान में रहता था। वह पीड़िता को लगातार धमकी देकर सप्ताह में कई बार सारंगपुर बुलाता और उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। यह सिलसिला करीब डेढ़ साल तक चलता रहा।

#### बजरंग दल की मदद से पहुंची थाने

लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर पीड़िता बजरंग दल के संपर्क में आई, जहां कार्यकर्ताओं ने उसे हिम्मत दी और थाने में शिकायत दर्ज करवाई। सीडीआर से मिली लोकेशन, आगर मालवा से गिरफ्तारी एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस टीम ने लगातार दो दिनों तक कॉल डिटेल रिकॉर्ड के आधार पर आरोपी की तलाश की और बुधवार सुबह आगर मालवा से उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले की विस्तृत विवेचना की जा रही है।

### मंत्री पंवार ने किया उद्घाटन

# इंडियन ओवरसीज बैंक की नई शाखा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

इण्डियन ओवरसीज बैंक की नवीन शाखा का शुभारंभ बुधवार को मंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर इण्डियन ओवरसीज बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक संजय कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। ब्यावरा में नई शाखा के उद्घाटन के साथ ही इण्डियन ओवरसीज बैंक ने अपनी विस्तार योजना के तहत एक और महत्वपूर्ण अध्याय की शुरुआत की है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि ब्यावरा में इण्डियन ओवरसीज बैंक की शाखा खुलने से क्षेत्र के नागरिकों को सुलभ और आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे व्यापार, कृषि एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर महाप्रबंधक संजय कुमार सिंह ने कहा कि इण्डियन ओवरसीज बैंक ब्यावरा के नागरिकों को विश्वस्तरीय और भरोसेमंद बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

नई शाखा व्यवसायियों, किसानों एवं आमजन की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। नई शाखा के माध्यम से ग्राहकों को खाता खोलने, विभिन्न प्रकार के ऋण, क्रेडिट कार्ड सहित अनेक आधुनिक बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम में बैंक के मुख्य प्रबंधक आर्तेश्वरम, राहुल सलूजा, दीपक शुक्ला, सुधीर कुमार बुचके, महेश कुमार, योगिता राजपाल सहित बैंक के अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### धड़ल्ले से हो रही अवैध कॉलोनियों की रजिस्ट्री व नामांतरण

# सारंगपुर में कलेक्टर के आदेश कागजों में सिमटे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

बीते दिनों राजगढ़ जिले की अवैध कॉलोनियों पर कलेक्टर द्वारा रोक लगाए जाने की खबर सामने आई थी। खबर के अनुसार अवैध कॉलोनियों की रजिस्ट्री एवं नामांतरण पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया। उक्त आदेश राजस्व विभाग तक पहुंचा या नहीं यह तो विभाग ही जानता है लेकिन चर्चा थी कि कलेक्टर राजगढ़ की ओर से अवैध कॉलोनी को लेकर कोई आदेश जारी किया था। अगर ऐसा कोई आदेश था तो सारंगपुर में उक्त आदेश बे असर साबित हो रहे हैं। जहाँ एक ओर जिला प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश जारी किए थे कि बिना डायवर्जन और टीएनसीपी (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग) की अनुमति के बगैर विकसित की गई कॉलोनियों में नए भूखंडों की रजिस्ट्री एवं नामांतरण पर पूर्ण रोक रहेगी, वहीं दूसरी ओर सारंगपुर नगर में इन अवैध कॉलोनियों के प्लॉटों की रजिस्ट्री और नामांतरण का काम बे रोक टॉक जारी हैं।

**इनका कहना है...**

हमारे पास नामांतरण से संबंधित रोक का कोई आदेश नहीं है। नामांतरण प्रक्रिया जारी है।

**ज्योति सुनहरे**
**सीएमओ सारंगपुर**

### भव्य हिंदू सम्मेलन में गूंजा सामाजिक समरसता का संकल्प

# दौलाज मंडल में उमड़ा हिंदू आस्था का सैलाब

**खिलचीपुर।** दौलाज मंडल स्थित केवल्य योग आश्रम में हिंदुत्व के गौरव और सामाजिक एकता का अनुपम संगम देखने को मिला। भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुए इस विराट शिहंदू सम्मेलनश में क्षेत्र के हजारों सनातनी बंधुओं ने सहभागिता कर धर्म रक्षा और राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया।

भजन-कीर्तन और भारत माता की महाआरती से हुआ शुभारंभ कार्यक्रम का मंगलारंभ सुबह 11 बजे भक्तिमय भजन-कीर्तन के साथ हुआ। तत्पश्चात, संपूर्ण वातावरण जय श्रीराम शभारत माता की जयश और श्वंदे मातरमश के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा, जब उपस्थित जनसमूह ने भारत माता की भव्य महाआरती उतारी। श्रद्धा और उत्साह के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालु बौद्धिक पांडाल में एकत्रित हुए।




सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय अधिकारी शंकर लाल (प्रचारक) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर संत समाज के गौरव मुनीशानंद सरस्वती (धार), सत्यानंद त्यागी (रामनगर पहाड़ी), और मोनानंद महाराज (काल्याखेड़ी हनुमान मंदिर) का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक पद्धति से किया गया। इस अवसर पर गौसेवकों और समाजसेवियों का सम्मान किया गया एवं मां नर्मदा देवी गोशाला में विधि-विधान से गौ-पूजन संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता द्वारा अपने वक्तव्य में कहा गया की हिंदू केवल एक पंथ नहीं, राष्ट्र की प्राणवायु है। मुख्य वक्ता शंकर लाल ने अपने संबोधन में हिंदुत्व की धार को प्रखर करते हुए कहा कि, सनातन धर्म विश्व का एकमात्र वह मार्ग है जो सर्वे भवंतु सुखिनः की बात करता है, किंतु आज हमें अपनी उदारता के साथ-साथ अपनी शक्ति को भी पहचानना होगा।

# कांग्रेस के पूर्व मंडी अध्यक्ष फूलसिंह गुर्जर ने भाजपा का हाथ थामा

**जीरापुर।** भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के समक्ष भाजपा का हाथ थामा। विधायक हजारीलाल दांगी के निवास पर पूर्व मंडी अध्यक्ष किसान कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष फूलसिंह गुर्जर ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर हजारीलाल दांगी के द्वारा माला पहनाकर मिठाई खिलाई तथा स्वागत किया।

### विगत 11 वर्षों से बालाजी भक्त मंडल कर रहा युवाओं को सनातन संस्कृति की ओर लाने का प्रयास

# नववर्ष की संध्या पर खामखेड़ा श्री बालाजी मंदिर में होगी भजन संध्या व सुंदरकांड पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर की धार्मिक संस्था श्री बालाजी भक्त मंडल के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नववर्ष का स्वागत भक्ति और श्रद्धा के साथ किया। नववर्ष के अवसर पर राजस्थान स्थित खामखेड़ा श्री बालाजी मंदिर में बुधवार रात्रि को भजन संध्या एवं सुंदरकांड पाठ के आयोजन से नए साल का स्वागत किया गया। बुधवार को हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव भल्ला नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश, सुशील व्यास पार्षद राकेश पुष्पद सहित अन्य अतिथियों द्वारा श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर खेड़ापति सरकार की पूजा अर्चना कर बालाजी भक्त मंडल के पदाधिकारियों का स्वागत कर महिला पुरुष एवं युवाओं के जत्थे को बस तूफान सहित अन्य वाहनों से कामखेड़ा बालाजी राजस्थान के लिए रवाना किया। श्री बालाजी भक्त मंडल अध्यक्ष संतोष पुष्पद ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन पिछले 11 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। हर वर्ष 31 दिसंबर की रात पुराने वर्ष की विदाई और नववर्ष का स्वागत भगवान श्री बालाजी के मधुर भजनों एवं सुंदरकांड पाठ के माध्यम से किया गया नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से लगभग 300 से अधिक महिला पुरुष युवा श्रद्धालु शामिल हुए। मंडल संयोजक दिनेश शर्मा ने बताया कि नए साल में युवा जगह-जगह पार्टी कर विभिन्न प्रकार का नशा करते हैं जिससे युवा नशे की गिरफ्त में जाता जा रहा है हमारा खामखेड़ा बालाजी कार्यक्रम करने का उद्देश्य आज की युवा पीढ़ी को नशे के जाल से मुक्त करना तथा युवाओं को सनातन संस्कृति की ओर ले जाना है हमारे इस कार्यक्रम के माध्यम से सैकड़ो युवा हमारे साथ खामखेड़ा बालाजी पहुंचकर नया साल मनाने लगे हैं।

# सौंधिया समाज के युवक युवती का परिचय सम्मेलन आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

अखिल भारतीय सौंधिया राजपूत समाज का प्रथम युवक- युवती परिचय सम्मेलन सौंधिया समाज धर्मशाला उज्जैन में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं मार्गदर्शक मंडल सदस्य उदयसिंह, हरिसिंह, गोपालसिंह, प्रतापसिंह सिसोदिया, लक्ष्मी नारायण चौहान झीरी, नारायणसिंह सालरियाखेड़ी, जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत समाज राजगढ़ के सानिध्य में संपन्न हुआ। सम्मेलन में समाज के विभिन्न जिलों सहित भोपाल, उज्जैन, इंदौर, अगर-मालवा, राजगढ़, रतलाम, मंदसौर तथा राजस्थान से झालावाड़ जिले से बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने शामिल होकर अपना पंजीयन कराया जहां पर लक्ष्मीनारायण झिरी ने इन युवक युवती का परिचय कराया। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित युवक युवतियों को सामाजिक, आर्थिक, व्यापारिक, गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। सोंधिया राजपूत समाज महिला प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकला चौहान, प्रदेश कार्यकारिणी की अन्य पदाधिकारी, पुष्पा पवांर ब्यावरा, रीना चौहान अन्य पदाधिकारी समाज की मातृ शक्ति उपस्थिति रहीं।

# कुंडलिया पेयजल समूह योजना का 265 गांव में पहुंचा नलों में पानी



**जीरापुर।** जल निगम अंतर्गत कुंडलिया पेयजल समूह योजना ग्रामीण अंचल के लिए बड़ी सौगात बनकर सामने आई है। कुंडलिया पेयजल समूह योजना के लगभग 265 गांवों में प्रतिदिन नलों के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, जिससे ग्रामीणों में खुशी और संतोष का माहौल है। जल निगम अधिकारी यू.के. चैधरी एवं प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण हर्षा ने बताया कि गांव-गांव में नलों पर टोटियां लगाई जा चुकी हैं और लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के अंतर्गत राजस्थान बॉर्डर के पास करकरी पंचायत, मुकुंदपुरा पंचायत के हरिपुरा, गढ़गच पंचायत, बावड़ीखेड़ा पंचायत, भोजपुर, सेमली कला, सेमला पंचायत, गोघटपुर, चेनपुरिया, पिपल्या कुल्मी सहित अनेक गांवों में पानी पहुंच चुका है। वर्षों पुरानी पेयजल समस्या के समाधान से ग्रामीणों को राहत मिली है और क्षेत्र में खुशहाली का वातावरण बन गया है।

# संतों व संघ पदाधिकारियों ने दिया समरसता व राष्ट्र जागरण का संदेश



छापीहेड़ा। श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की वर्षगांठ के अवसर पर छापीहेड़ा में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में मुख्य रूप से सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने ओजस्वी संबोधन दिया। सम्मेलन में 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। विशाल जनसमूह के बीच धर्म, संस्कृति, समरसता और राष्ट्र चेतना का सशक्त संदेश दिया गया। पं. प्रदीप मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र था, हिंदू राष्ट्र है और हिंदू राष्ट्र ही रहेगा। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति किसी से भेद नहीं करती, बल्कि सबको जोड़ने वाली जीवन पद्धति है। वृक्ष, नदी, मंदिर और श्मशान सभी के लिए समान हैंकृयही सनातन की मूल भावना है वहीं उन्होंने भजन सुना कर सबका मन मोह लिया महिलाओं ने भी अपनी-अपनी जगह पर उठ खड़ी होकर नाचन शुरू कर दिया भजन पर नाचना एक अलौकिक दृश्य रहा। वही लोगों के बीच बैठे ज्ञान सिंह गुर्जर भी नाचते दिखाई दिए।

### सेवा कार्य से मनेगा सिंधिया का जन्मदिन - नपाध्यक्ष

गुना । नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारे लाडले सांसद, विकास के मसीहा, जन नायक केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ मनाया जायेगा। सेवा 1 जनवरी को प्रातः 9 बजे नजूल कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 18 के नवीन पार्क का नामकरण राजमाता साहब के नाम किया जायेगा तथा पार्क में पौधरोपण किया जाएगा, इसके पश्चात प्रातः 10 बजे कैंट गोशाला में गायों को गुड़ एवं हरा चारा खिलाया जाएगा। 10 :45 बजे अन्नपूर्णा भोजनालय, सेवा भारती, जिला चिकित्सालय में भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा इसके पश्चात दोपहर 12 गरीब वस्ती कंचनपुरा में कंबल वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। सांय 6 बजे वृद्ध आश्रम में वृद्ध जनों को भोजन करवा कर आशीर्वाद प्राप्त किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता ने उक्त कार्यक्रमों में शहर के सभी सम्माननीय पार्षद गणों, भाजपा के वरिष्ठ जनों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों से सेवाकार्य में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### श्रीमद् भगवान रामानंदाचार्य जयंती महोत्सव संपन्न



ब्यावरा। मालावर के सदगुरु आश्रम पनिहारा, निकट खजूर खाड़ी (मलावर) तह. ब्यावरा जिला राजगढ़ में आयोजन होगा। जिसमें जिला राजगढ़ शाजापुर के मंडल अध्यक्ष महंत आनंद बाबा बड़े भक्तमाल अयोध्या जी आश्रम ग्राम आसारेटा शिवालय के मुखारविंद से तीन दिवसीय संगीतमय सत्संग प्रवचन दोपहर एक बजे से चार बजे तक 7 जनवरी में 9 जनवरी तक होंगे और 10 जनवरी को श्रीमद् भगवान रामानंदाचार्य की पूजा ( शोभा यात्रा, संतो का आशीर्वचन, मंत्री का सम्मान एवं संतो व भक्तो का भोजन प्रसाद होगी। आयोजक महंत भोला शरण त्याग महाराज सतगुरु आश्रम पनिहारा कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं संरक्षक खेड़ापति हनुमानजी महाराज विशेष अतिथी महामंडलेश्वर रामचन्द्रदास त्यागी नलखेड़ा नगर बल्ड़ावदा हनुमान ओर महंत कौशल किशोर दास महाराज झिरी स्थान पड़ाना तथा श्री महंत हनुमान दास महाराज क्षीरसागर ने कही।

### आरटीओ और पुलिस है बेखबर, निर्धारित शुल्क का हो रहा नुकसान

# कबाड़ी हुए बेलगाम, पुरानी गाड़ियों को ले रहे कबाड़ में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-माचलपुर

शासन के नियमानुसार किसी भी पुराने कंडम वाहन को तोड़ने से पहले उसकी अनुमति परिवहन विभाग से प्राप्त करना होती है। कबाड़ी बिना किसी परमिशन कबाड़ में वाहन तोड़ रहे हैं। आरटीओ विभाग भी बेखबर है, निर्धारित शुल्क का नुकसान भी हो रहा। कबाड़ में तोड़ रहे वाहन की अनुमति नियमानुसार आरटीओ से लेना होती है परमिशन और निर्धारित शुल्क भी जमा करना अनिवार्य होती है। यहां तक की कबाडी वाहन तोडकर के पुर्जे अलग अलग बेच दिए जाते हैं। यह देखने में आ रहा है कि कबाड़ियों द्वारा गाड़ी को कम कीमत में खरीद कर उसे परिसर में तोड़कर वाहन के पुर्जे अलग अलग बेच दिए जाते हैं।

#### नियमों की अनदेखी कर हो रहा कबाड़ का कारोबार

शासन के नियमानुसार किसी भी पुराने कंडम वाहन को तोड़ने से पहले उसकी अनुमति परिवहन विभाग से प्राप्त करना होती है। जिसके लिए सबसे पहले पंजीयन विभाग में आरसी की प्रति के साथ एक आवेदन देना होता है। आवेदन प्राप्त होने के बाद परिवहन विभाग उक्त गाडी का निरीक्षण कर वाहन तोडने की अनुमति देता है ।शासन के नियमानुसार यदि कोई वाहन जो निजी उपयोग का है। उक्त वाहन तोडने की अनुमति परिवहन विभाग जिसे परिवहन विभाग जमा करने के उपरांत अनुमति प्रदान करता है।



#### व्यावसायिक वाहनों का भरना होता है टैक्स

शासन के नियमानुसार यदि कोई वाहन व्यावसायिक उपयोग का है तो वाहन फिटनेस कमर्शियल टैक्स, परमिट का पैसा आदि अनुमति प्राप्त करने की तिथि तक परिवहन विभाग को अदा करना होता है। जिसके उपरांत परिवहन विभाग द्वारा अनुमति जारी की जाती है। वाहन को काटने वाले कबाड़ी इमरान खान से जब वाहन को काटने के बारे में पूछा तो उनके द्वारा अनुमति होने की बात की। सूत्रों की मानें तो इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा लंबे समय से कार्रवाई नहीं की गई है। जिसके चलते कबाडियों के हौसले बुलंद हैं। ऐसी स्थिति में चोरी हुई गाड़यिां अथवा कोई ऐसा वाहन जिसके द्वारा कोई बडी दुर्घटना की गई है वह भी तोडकर विक्रय किया जा सकता है।

#### अधिकारियों की मिलीभगत का अंदेशा

नगर में संचालित कबाड़खाना दुकान पर पूर्व में थाना सहित पुलिस द्वारा भी चोरी के माल बरामदगी की कार्रवाई की जा चुकी है, बावजूद इसके यह सिलसिला बदस्तूर रूप से जारी है। कबाड़ियों द्वारा कम दामों पर बिना अनुमति कंडम या दुर्घटनाग्रस्त वाहन खरीद कर वाहन तोड़ने का काम वर्षों से किया जा रहा है। लेकिन परिवहन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आज तक इनकी जांच नहीं की गई। जिससे प्रतीत होता है कि कहीं परिवहन विभाग के अधिकारियों से कबाड़ियों की मिली भगत तो नहीं है।

**इनका कहना है...**

यहां से सिर्फ पंजीयन निरस्त करवाया जाता है, पोर्टल पर स्केप सेंटर पर ही गाड़ी काटी जा सकती है।

**ज्ञानेंद्र वैश्य, जिला परिवहन अधिकारी राजगढ़**

आप बताओ कौन काट रहा है मैं बुलाता हूं। बिना अनुमति के कागज बताए कैसे काट सकते हैं।

**भागीरथ शाक्य, टीआई माचलपुर**

# सदगुरु आश्रम आनंदपुर ने नेत्र शिविर का किया आयोजन



**खुजनेर।** मालवा के खाटू श्याम मंदिर में आंखों की जांच एवं मोतिया बिंद ऑपरेशन कैंप लगाया गया। जिसमें सदगुरु आश्रम आनंदपुर हॉस्पिटल के डॉक्टरों द्वारा 700 लोगो की आंखों की जांच की गई। 310 लोगो को ऑपरेशन हेतु आनंदपुर भेजा गया 150 लोगो को चश्मे वितरित किये गए सभी प्रकार की आंखों की जांचे निशुल्क की दवाई वितरित की गई। इस अवसर पर मंदिर समिति सदस्य कैलाश जी साहू अशोक शर्मा नीलेश विजयवर्गीय धीरप विश्वकर्मा देवनारायण नागर संजय टेलर राधावल्लभ डांगरा उपस्थित रहे।